समाहरणालय जमुई
(कल्याण शाखा)

(पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना)
(जिला कल्याण कार्यालय, जमुई)

नामांकन–सूचना संख्या– 01/2026

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछडा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा जमुई जिले में संचालित छात्रावास अन्य पिछडा वर्ग कल्याण छात्रावास के0के0 एम0 कॉलेज, जमुई में आवासीत छात्रों को मुफ्त आवासन, बिजली, शुद्व पेयजल **"मुख्यमंत्री छात्रावास अनुदान"** योजनान्तर्गत प्रतिमाह 1000/– अनुदान राशि तथा **"मुख्यमंत्री छात्रावास खाद्यान्न"** योजना अंतर्गत प्रतिमाह 15 किलो अनाज (गेहूँ+चावल) उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है।

उक्त संस्थान में 23 रिक्ति के विरूद्ध आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx किया जा सकता है। नामांकन हेतु इच्छुक पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग के वैसे छात्र जो प्रवेशिकोत्तर (इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अन्य व्यवसायिक पाठ्यक्रम) में अध्यनरत् है को दिनांक–15.02.2026 तक आवेदन समर्पित करेगें। नामांकन छात्रावास में 23 रिक्तियों के विरूद्ध अत्यंत पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता दी जायेगी एवं इनमे से 05 रिक्ति अत्यंत पिछड़ा वर्ग के दिव्यांग छात्रों के लिए आरक्षित है एवं चयन प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार किया जायेगा।

नोटः– आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित निम्न दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य हैः–

1. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र 2. निवास प्रमाण–पत्र 3. जाति प्रमाण–पत्र 4. आय प्रमाण–पत्र 5. आधार कार्ड 6. बैंक खाता आईएफएससी कोड़ सहित 7. दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो 8. मोबाईल नंबर।

20/1/26

जिला कल्याण पदाधिकारी,
जमुई।